शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी
जिला – धमतरी (छत्तीसगढ़)
E-mail – govtnavencollegedamdi@gmail.com
AISHE CODE – C-62906


# राष्ट्रीय सेवा योजना

## सात दिवसीय विशेष शिविर प्रतिवेदन

**दिनांक 10.11.2025 से 16.11.2025 तक**

**स्थान- ग्राम-पंचायत ईर्रा (तहसील भखारा)**

## सत्र - 2025–26




"Not Me But You"

**"स्वयं से पहले आप"**

"युवा शक्ति – राष्ट्र निर्माण की आधारशिला"

"समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास"

## महाविद्यालय की दृष्टि

“गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान तथा मानवीय मूल्यों के विकास के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ एक उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान बनाना, जो बेहतर जीवन, पर्यावरण और समाज के समग्र विकास के लिए कार्य करे।”

## राष्ट्रीय सेवा योजना शपथ

“मैं गंभीरतापूर्वक यह प्रतिज्ञा करता/करती हूँ कि मैं स्वयं को राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए समर्पित रखूँगा/रखूँगी। मैं अपने देश की गरिमा और सम्मान को बनाए रखने का प्रयास करूँगा/करूँगी। मैं लोगों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए दूसरों के साथ एकता और सौहार्द के साथ कार्य करूँगा/करूँगी तथा राष्ट्रीय विकास के इस महान उद्देश्य के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहूँगा/रहूँगी।”

### मिशन (Mission)

• समाज के सभी वर्गों के लिए सुलभ बनाते हुए समावेशी एवं मूल्य आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना।

• बहुविषयक अध्ययन के माध्यम से परिणाम-आधारित समग्र शिक्षा प्रदान करना।

• पाठ्यक्रम, सह-पाठ्यक्रम एवं अतिरिक्त गतिविधियों के समन्वय से स्वस्थ वातावरण और सुदृढ़ मानवीय मूल्यों का विकास करना।

• विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों का विकास करना तथा उन्हें राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए सक्षम बनाना।

# सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) विशेष शिविर के संबंध में

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा ग्राम पंचायत ईर्रा (तहसील भखारा) में दिनांक 10.11.2025 से 16.11.2025 तक "सात दिवसीय एनएसएस शिविर" का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता तथा सामुदायिक सहभागिता की भावना विकसित करना तथा सामाजिक विकास में योगदान देना है।

इस शिविर के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें साक्षरता जागरूकता, स्वच्छता अभियान, बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण, वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत अभियान, योग एवं शारीरिक गतिविधियाँ आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# शिविर का विवरण

| | |
|---|---|
| शिविर का स्थान | ग्राम पंचायत - ईर्रा , तहसील- भखारा, जिला – धमतरी (छत्तीसगढ़) |
| संस्थान का नाम | शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी जिला – धमतरी (छत्तीसगढ़) |
| शिविर की तिथि | 10.11.2025 से 16.11.2025 |
| राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी | श्री डीगेश्वर |

# “प्रथम दिवस, दिनांक – 10-11-2025”

शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला धमतरी) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में दिनांक 10.11.2025 से 16.11.2025 तक ग्राम पंचायत ईर्रा (तहसील भखारा) में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशानुसार एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर की थीम “सतत भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना एवं नशा मुक्त समाज के लिए युवा” निर्धारित की गई। इस शिविर में महाविद्यालय के 57 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

शिविर के प्रथम दिवस दिनांक 10.11.2025 को सभी स्वयंसेवक प्रातः 11:00 बजे ग्राम पंचायत ईर्रा पहुँचे। ग्राम आगमन के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा शिविर स्थल( निषाद एवं साहू समाज भवन) एवं आसपास के भवनों की साफ-सफाई की गई तथा शिविर से संबंधित आवश्यक सामग्री को सुव्यवस्थित किया गया। कुछ स्वयंसेवकों द्वारा उद्घाटन समारोह की तैयारी की गई। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से दोपहर का भोजन किया। भोजन उपरांत स्वयंसेवक पुनः उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों में जुट गये।

सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह गरिमामय वातावरण में शाम 04:00 बजे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद एवं माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री सूर्यकांत साहू जी (सरपंच, ग्राम पंचायत ईर्रा) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय श्रीमती ज्योति साहू जी (अध्यक्ष, नगर पंचायत आमदी एवं जन भागीदारी समिति शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, जनभागीदारी समिति के सदस्य, ग्राम पंचायत ईर्रा के पंचगण, ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं महाविद्यालय की ओर से वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्री तरुण बैनर्जी, सहायक प्राध्यापक श्री अंकित कुमार बोधवानी, अतिथि व्याख्याता श्री युगेश्वर कुमार, श्री रमेश कुमार, सुश्री आँचल अरोरा एवं डॉ. उपमा सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि श्री सूर्यकांत साहू जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज से जोड़ने का सशक्त माध्यम है, जिसके द्वारा उनमें सेवा भावना, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने ग्राम पंचायत ईर्रा की ओर से शिविर के सफल संचालन हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रीमती ज्योति साहू ने कहा कि युवा ही समाज और राष्ट्र के वास्तविक परिवर्तनकारी शक्ति हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को शिविर की विभिन्न गतिविधियों में सक्रियता से भाग लेकर समाज में जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया।महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना को विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का प्रभावी माध्यम बताया तथा स्वयंसेवकों से सामाजिक उत्तरदायित्व, सहयोग एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त कर स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया।

उद्घाटन समारोह के समापन पश्चात सभी स्वयंसेवक शिविर स्थल पहुँचे। तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा रात्रि भोजन की तैयारी की गई एवं सामूहिक भोजन किया गया। भोजन उपरांत समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी स्वयंसेवकों को पाँच समूहों- शिवनाथ, हसदो, महानदी, इंद्रावती एवं खारून में विभाजित किया गया। प्रत्येक समूह के लिए दलनायक एवं उपदलनायक

का चयन किया गया। साथ ही शिविर नायक, शिविर नायिका एवं अन्य प्रभारी का चयन कर आगामी दिवस की गतिविधियों हेतु दायित्व निर्धारित किए गए।

इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रथम दिवस सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। स्वयंसेवकों में ग्राम सेवा एवं सामाजिक दायित्व के प्रति विशेष उत्साह एवं जागरूकता देखने को मिली।

## कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ


















SOMU & RIDDHEE


SOMU & RIDDHEE


SOMU & RIDDHEE


SOMU & RIDDHEE

# “द्वितीय दिवस, दिनांक – 11-11-2025”

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी जिला धमतरी (छ. ग.) के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 10/11/2025 से 16/11/2025 तक ग्राम ईर्रा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

### 1. प्रातःकालीन दिनचर्या -

दिनांक 11/11/2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के अंतर्गत सभी दलों के स्वयंसेवक प्रातः 5:00 बजे जागरण के पश्चात नित्यकर्म हेतु जागृत हुए। प्रातः 5:45 बजे सभी स्वयंसेवक शिविर प्रांगण में एकत्रित होकर प्रभात फेरी के लिए ग्राम भ्रमण हेतु रवाना हुए। प्रभात फेरी के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा नारे, प्रेरणादायक गीत एवं सामाजिक संदेशों के माध्यम से ग्रामवासियों को स्वच्छता, नशा मुक्ति, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया गया। प्रभात फेरी के उपरांत शिविर स्थल पर सभी स्वयंसेवकों द्वारा जुंबा डांस एवं शारीरिक व्यायाम किया गया, जिससे उनमें शारीरिक स्फूर्ति एवं मानसिक ऊर्जा का संचार हुआ। प्रातः 7:45 बजे सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से नाश्ता किया।

### 2. परियोजना कार्य -

नाश्ते के पश्चात सभी स्वयंसेवकों को दलवार निर्धारित परियोजना कार्य सौंपे गए। दल क्रमांक 01 शिवनाथ को शिविर प्रबंधन के अंतर्गत भोजन व्यवस्था, नाश्ता-दोपहर-रात्रि भोजन की तैयारी एवं परोसने का कार्य, बर्तन सफाई, मंच सज्जा तथा संतरी ड्यूटी की जिम्मेदारी दी गई। दल क्रमांक 02 हसदो को शिविर स्थल एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई का कार्य सौंपा गया। दल क्रमांक 03 महानदी को ग्राम पंचायत भवन से लेकर ग्राम प्रवेश द्वार तक साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण का कार्य दिया गया। दल क्रमांक 04 इंद्रावती को प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के सामने एवं मंच स्थल के सफाई का दायित्व सौंपा गया, जबकि दल क्रमांक 05 खारुन नदी को तालाब परिसर एवं उसके आसपास फैली गंदगी की साफ-सफाई की जिम्मेदारी दी गई। सभी दलों के स्वयंसेवकों ने अनुशासन, समन्वय एवं श्रमदान की भावना के साथ अपने-अपने कार्यों का निर्वहन करते हुए 12:00 बजे तक परियोजना कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

### 3. बौद्धिक परिचर्चा सत्र-

स्नान, दोपहर भोजन एवं अल्प विश्राम के पश्चात अपराह्न 2:00 बजे से 4:00 बजे तक बौद्धिक परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया जिसका विषय “करियर गाइडेंस एवं युवाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा” था । इस अवसर पर बड़ौदा आरसेटी धमतरी से डायरेक्टर श्री आशीष सैमुअल लकड़ा, फैकेल्टी श्रीमती भाग्यश्री गजेंद्र, श्री प्रियेश कुमार सिन्हा एवं श्री तेजेंद्र साहू ने युवाओं को कैरियर निर्माण, कौशल विकास, स्वरोजगार के अवसर, युवाओं के भविष्य निर्माण, लक्ष्य निर्धारण, आत्मनिर्भरता पर व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके साथ ही संस्था द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न स्वरोजगार के कार्यक्रमों के बारे में भी बताया गया।यह सत्र स्वयंसेवकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक सिद्ध हुआ। बौद्धिक सत्र के बाद अल्प विश्राम के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा मशाल रैली कार्यक्रम की तैयारी किया गया।

### 4. विशेष कार्यक्रम: नशा मुक्ति मशाल रैली -

सायंकाल 6:00 बजे विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्ति मशाल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में सभी स्वयंसेवकों के साथ ग्राम ईर्रा के सरपंच श्री सूर्यकांत साहू, उपसरपंच श्रीमती यामिनी साहू, ग्राम पंचायत ईर्रा के पंचगण, महिला कमांडो सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए। विशाल मशाल रैली के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों,

युवाओं को नशे से दूर रखने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। रैली का ग्राम स्तर पर व्यापक एवं सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला।

### 5. रात्रिकालीन कार्यक्रम, प्रतिवेदन तैयारी एवं समीक्षा बैठक -

मशाल रैली के पश्चात सभी स्वयंसेवकों द्वारा रात्रि भोजन किया गया। भोजन उपरांत दलवार चार्ट निर्माण, प्रतिवेदन लेखन एवं दिनभर संपन्न गतिविधियों की समीक्षा की गई। तत्पश्चात रात्रि में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रत्येक दल के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने दल द्वारा किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया, अनुभव साझा किए तथा शिविर संचालन से संबंधित सुझाव दिए। समीक्षा बैठक में कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल ने दिनभर के कर्मियों एवं सफलताओं पर चर्चा किया जिससे स्वयंसेवकों में आत्ममूल्यांकन, नेतृत्व क्षमता एवं सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित हुई। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी किया।

इस प्रकार दिनांक 11 नवम्बर 2025 का राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर सेवा-भाव, अनुशासन, सामाजिक सहभागिता एवं जन-जागरूकता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ**












## नशा मुक्ति मशाल रैली


SOMU & RIDDHEE


SOMU & RIDDHEE


SOMU & RIDDHEE


राष्ट्रीय सेवा योजना
ईकाई स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर
दिनांक – 10-11-2025 से 16-11-2025
SOMU & RIDDHEE

# “तृतीय दिवस, दिनांक – 12-11-2025”

शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी, जिला धमतरी (छ.ग.) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम ईर्रा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर (10/11/2025 से 16/11/2025) के अंतर्गत दिनांक 12 नवम्बर 2025 का दिन सेवा, अनुशासन, जागरूकता एवं उत्साह से परिपूर्ण रहा।

**1. प्रातःकालीन गतिविधियाँ –**

शिविर के इस दिन सभी दलों के स्वयंसेवक प्रातः 5:00 बजे जागरण कर नित्यकर्म हेतु सक्रिय हुए। प्रातः 5:45 बजे सभी स्वयंसेवक शिविर प्रांगण में एकत्रित होकर 6:00 बजे प्रभात फेरी हेतु ग्राम भ्रमण के लिए प्रस्थान किए। प्रभात फेरी के दौरान स्वयंसेवकों ने अनुशासित पंक्तियों में चलते हुए नशा मुक्ति, स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं स्वस्थ जीवन से संबंधित नारों एवं प्रेरणादायक गीतों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया। प्रभात फेरी के उपरांत शिविर स्थल पर योग, जुंबा डांस एवं पंथी नृत्य का अभ्यास किया गया, जिससे वातावरण ऊर्जावान बना। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से नाश्ता किया।

**2. परियोजना कार्य –**

नाश्ते के पश्चात सभी स्वयंसेवकों को दलवार परियोजना कार्य हेतु रवाना किया गया। दल क्रमांक 01 (शिवनाथ) एवं दल क्रमांक 04 (इंद्रावती) को कर्मा मंदिर चौक एवं तालाब किनारे साफ-सफाई का कार्य सौंपा गया। दल क्रमांक 02 (हसदो) द्वारा शिविर प्रबंधन के अंतर्गत भोजन व्यवस्था, नाश्ता-दोपहर-रात्रि भोजन की तैयारी एवं बर्तन सफाई का कार्य किया गया। दल क्रमांक 03 (महानदी) के स्वयंसेवकों द्वारा सहंडा चौक क्षेत्र की साफ-सफाई की गई। दल क्रमांक 05 (खारुन) को ग्राम ईर्रा के मुख्य मार्ग के दोनों ओर साफ-सफाई का दायित्व सौंपा गया।

सभी दलों ने अनुशासन, समन्वय एवं सेवा भावना के साथ अपने-अपने कार्यों को 11:30 बजे तक सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

**3. बौद्धिक परिचर्चा सत्र-**

स्नान, दोपहर भोजन एवं अल्प विश्राम के पश्चात अपराह्न 2:00 बजे बौद्धिक परिचर्चा सत्र का शुभारंभ हुआ। इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रचना पदमवार, नोडल अधिकारी, जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, स्वास्थ्य विभाग जिला- धमतरी तथा उनके साथ श्री सुजल महाजन इंटर्न, एम.एससी. ह्यूमन डेवलपमेंट उपस्थित रहे। परिचर्चा का विषय “नशा मुक्त समाज एवं स्वस्थ युवा – सशक्त राष्ट्र” रहा। वक्ताओं ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों, इसके शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक प्रभावों से अवगत कराते हुए सकारात्मक जीवनशैली, आत्मसंयम एवं सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। सत्र को प्रभावशाली एवं रोचक बनाने हेतु पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन, नाटक, गीत, भाषण एवं खेल आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह सत्र स्वयंसेवकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं जागरूकतापूर्ण सिद्ध हुआ। बौद्धिक परिचर्चा सत्र के पश्चात स्वयंसेवकों ने अल्प विश्राम किया। इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत देशी खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे स्वयंसेवकों में टीम भावना एवं सहयोग की भावना विकसित हुई। इसी क्रम में कुछ स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम संपर्क कार्यक्रम संचालित किया गया, जिसके अंतर्गत वे घर-घर जाकर ग्रामीणों से मिले तथा नशा से संबंधित समस्याओं पर चर्चा कर उन्हें नशा मुक्त जीवन अपनाने हेतु प्रेरित किया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी प्रारंभ की गई, जिसमें नृत्य, नाटक एवं समूह गीतों का अभ्यास किया गया।

**4. रात्रिकालीन कार्यक्रम, समीक्षा बैठक-**

सायंकाल 7:30 बजे सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से रात्रि भोजन किया। भोजन उपरांत 9:00 बजे समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी दलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने दल की दिनभर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। समीक्षा बैठक के पश्चात सभी स्वयंसेवक अनुशासनपूर्वक रात्रि विश्राम के लिए चले गए।

इस प्रकार दिनांक 12 नवम्बर 2025 का राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर सेवा-भाव, नशा मुक्ति जागरूकता, सामाजिक सहभागिता एवं अनुशासन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ

















राष्ट्रीय सेवा योजना
ईकाई स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर
Kurud, Chhattisgarh, India
Vg2r+rgj, Kurud, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.852498° Long 81.541065°
Wednesday, 12/11/2025 04:30 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Kurud, Chhattisgarh, India
Vg2r+rgj, Kurud, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.852472° Long 81.54104°
Wednesday, 12/11/2025 03:19 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Kurud, Chhattisgarh, India
Vg2r+rgj, Kurud, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.85246° Long 81.541013°
Wednesday, 12/11/2025 03:43 PM GMT +05:30




GPS Map Camera
Madai Bhata, Chhattisgarh, India
Vg2r+jgq, Charota Road, Madai Bhata, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.851503° Long 81.540283°
Wednesday, 12/11/2025 05:38 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Kurud, Chhattisgarh, India
Vg2r+rgj, Kurud, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.852586° Long 81.540999°
Wednesday, 12/11/2025 03:12 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Kurud, Chhattisgarh, India
Vg2r+rgj, Kurud, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.85201° Long 81.540143°
Wednesday, 12/11/2025 05:26 PM GMT +05:30


Kurud, Chhattisgarh, India
Vg2r+rgj, Kurud, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.852359° Long 81.540932°
Wednesday, 12/11/2025 09:21 PM GMT +05:30

# “चतुर्थ दिवस, दिनांक – 13-11-2025”

शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी, जिला धमतरी (छ.ग.) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम ईर्रा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर (10/11/2025 से 16/11/2025) के अंतर्गत दिनांक 13 नवम्बर 2025 का दिन सेवा, अनुशासन, कौशल विकास, सामाजिक सहभागिता एवं जागरूकता से परिपूर्ण रहा।

**1. प्रातःकालीन गतिविधियाँ –**

शिविर के इस दिन सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं प्रातः 5:00 बजे जागरण कर नित्यकर्म पूर्ण करते हुए 5:45 बजे शिविर प्रांगण में एकत्रित हुए। तत्पश्चात 6:00 बजे प्रभात फेरी हेतु ग्राम भ्रमण के लिए प्रस्थान किया गया। प्रभात फेरी के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के गीतों, नारों एवं अनुशासित पंक्तियों के माध्यम से ग्रामवासियों को सामाजिक जागरूकता, नशा मुक्ति एवं स्वच्छ जीवन शैली का संदेश दिया गया।

प्रभात फेरी से लौटने के पश्चात सभी स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक रूप से योगासन किया गया, जिससे शारीरिक एवं मानसिक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके उपरांत नाश्ता किया गया।

**2. परियोजना कार्य –**

नाश्ते के पश्चात प्रातः 7:45 बजे से 10:00 बजे तक परियोजना कार्य संपन्न कराया गया । परियोजना कार्य के अंतर्गत दल क्रमांक 01 (शिवनाथ), दल क्रमांक 02 (हसदो), दल क्रमांक 04 (इंद्रावती) एवं दल क्रमांक 05 (खारून) के स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक रूप से ग्राम ईर्रा की नालियों की साफ-सफाई की गई। इस कार्य के माध्यम से जलजमाव की समस्या, गंदगी एवं संभावित बीमारियों से बचाव हेतु ग्रामवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। दल क्रमांक 02 (हसदो) द्वारा शिविर प्रबंधन के अंतर्गत भोजन निर्माण एवं वितरण, संत्री ड्यूटी तथा बौद्धिक परिचर्चा सत्र हेतु मंच सज्जा का कार्य भी पूर्ण जिम्मेदारी एवं अनुशासन के साथ संपन्न किया गया।

दल क्रमांक 03 (महानदी) द्वारा शिविर प्रबंधन एवं भोजन व्यवस्था से संबंधित दायित्वों का निर्वहन किया गया।
सभी दलों ने परस्पर समन्वय, अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ परियोजना कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।
परियोजना कार्य के पश्चात 11:00 बजे तक सभी स्वयंसेवकों ने स्नान आदि कर बौद्धिक परिचर्चा सत्र हेतु शिविर प्रांगण में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की।

**3. बौद्धिक परिचर्चा सत्र –**

प्रातः 11:15 बजे बौद्धिक परिचर्चा सत्र का शुभारंभ हुआ। इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री लाकेश्वरी विश्वकर्मा, केंद्र प्रमुख, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, कुरूद उपस्थित रहीं। उनके साथ श्री दुलेश्वर साहू, श्री भोज साहू एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की पूरी टीम उपस्थित थी। इस बौद्धिक परिचर्चा सत्र में स्वयंसेवकों के साथ-साथ ग्राम ईर्रा की स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं ग्राम पंचायत ईर्रा की महिला पंचगण भी उपस्थित रहीं, जिससे कार्यक्रम की सहभागिता एवं सामाजिक प्रभावशीलता में वृद्धि हुई। **परिचर्चा का मुख्य विषय “स्किल डेवलपमेंट एवं करियर काउंसलिंग” रहा।** वक्ताओं द्वारा युवाओं एवं महिलाओं को वर्तमान समय में कौशल आधारित शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया तथा यह बताया गया कि किस प्रकार प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बना जा सकता है।

इस दौरान इलेक्ट्रिकल, वेल्डिंग, प्लंबिंग, ड्रायवाल एवं फॉल्स सीलिंग, हॉस्पिटैलिटी तथा ब्यूटीशियन कोर्स जैसे विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। **बौद्धिक परिचर्चा सत्र के मध्य दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक** भोजन अवकाश रखा गया। भोजन उपरांत पुनः सत्र प्रारंभ हुआ, जिसमें ब्यूटीशियन कोर्स से संबंधित टीम द्वारा प्रायोगिक

प्रदर्शन (प्रैक्टिकल) कर प्रशिक्षण प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से समझाया गया। यह बौद्धिक परिचर्चा सत्र अपराह्न 4:30 बजे तक प्रभावी रूप से संचालित हुआ, जो स्वयंसेवकों एवं ग्राम की महिलाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं रोजगारोन्मुख सिद्ध हुआ।

### 4. सांस्कृतिक, खेलकूद एवं ग्राम संपर्क गतिविधियाँ -

बौद्धिक परिचर्चा सत्र के पश्चात स्वयंसेवकों ने अल्प विश्राम किया। इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत देसी खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे स्वयंसेवकों में टीम भावना, सहयोग एवं उत्साह का विकास हुआ। इसी क्रम में कुछ स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम संपर्क कार्यक्रम संचालित किया गया, जिसके अंतर्गत वे घर-घर जाकर ग्रामीणों से मिले तथा नशा से संबंधित सामाजिक समस्याओं पर चर्चा कर उन्हें नशा-मुक्त जीवन अपनाने हेतु प्रेरित किया। सायंकाल स्वयंसेवकों द्वारा आगामी कार्यक्रमों हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की गई, जिसमें नृत्य, नाटक एवं समूह गीतों का अभ्यास किया गया।


### 5. रात्रिकालीन कार्यक्रम एवं समीक्षा बैठक -

सायंकाल 8:00 बजे सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से रात्रि भोजन किया। भोजन उपरांत 9:00 बजे समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी दलों द्वारा दिनभर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। समीक्षा बैठक के पश्चात सभी स्वयंसेवक अनुशासनपूर्वक रात्रि विश्राम हेतु चले गए।

इस प्रकार दिनांक 13 नवम्बर 2025 का राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर सेवा-भाव, स्वच्छता, कौशल विकास, महिला सहभागिता, सामाजिक जागरूकता एवं अनुशासन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ











Kurud, Chhattisgarh, India
Vg2r+rgj, Kurud, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.852518° Long 81.541036°
Thursday, 13/11/2025 11:39 AM GMT +05:30
Google

Kurud, Chhattisgarh, India
Vg2r+rgj, Kurud, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.852518° Long 81.541104°
Thursday, 13/11/2025 11:39 AM GMT +05:30
Google

Kurud, Chhattisgarh, India
Vg2r+rgj, Kurud, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.852387° Long 81.540922°
Thursday, 13/11/2025 12:32 PM GMT +05:30
Google

Kurud, Chhattisgarh, India
Vg2r+rgj, Kurud, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.852432° Long 81.540933°
Thursday, 13/11/2025 12:10 PM GMT +05:30
Google



# “पंचम दिवस, दिनांक – 14-11-2025”

शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी, जिला धमतरी (छत्तीसगढ़) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 10/11/2025 से 16/11/2025 तक ग्राम ईर्रा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत दिनांक 14/11/2025 (पाँचवाँ दिवस) को सेवा, स्वच्छता, पशु कल्याण, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। यह समस्त कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने ग्राम विकास से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की।

### 1. प्रातःकालीन गतिविधियाँ -

दिनांक 14/11/2025 को सभी दलों के स्वयंसेवक प्रातः 5:00 बजे जागरण के पश्चात नित्यकर्म हेतु जागृत हुए। प्रातः 5:45 बजे प्रभात फेरी के माध्यम से ग्राम भ्रमण किया गया, जिसमें नारों एवं प्रेरणादायक गीतों द्वारा ग्रामवासियों को स्वच्छता, नशा मुक्ति, सामाजिक सहभागिता एवं सामुदायिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक किया गया। प्रभात फेरी के पश्चात शिविर स्थल पर योगाभ्यास एवं शारीरिक व्यायाम किया गया, जिससे स्वयंसेवकों में शारीरिक स्फूर्ति एवं मानसिक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके उपरांत सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से नाश्ता किया।

### 2. परियोजना कार्य –

नाश्ते के पश्चात सभी स्वयंसेवकों को दलवार निर्धारित परियोजना कार्य सौंपे गए। दल क्रमांक 01 (शिवनाथ दल) को ग्राम ईर्रा के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय प्रांगण की गहन साफ-सफाई का कार्य सौंपा गया, जिसे दल द्वारा समन्वय एवं अनुशासन के साथ पूर्ण किया गया। दल क्रमांक 02 (महानदी दल) को गौठान में आयोजित पशु चिकित्सा शिविर में सहयोग हेतु भेजा गया, जहाँ स्वयंसेवकों द्वारा पंजीयन, व्यवस्था संचालन एवं अन्य सहयोगात्मक कार्य किए गए। दल क्रमांक 03 (सोंढूर दल) द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक–03 एवं उसके आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की गई। दल क्रमांक 04 (इंद्रावती दल) को शिविर की भोजन व्यवस्था का संपूर्ण प्रभार सौंपा गया, जिसके अंतर्गत नाश्ता, दोपहर एवं रात्रि भोजन की तैयारी, भोजन वितरण, बर्तन सफाई, मेष ड्यूटी एवं संतरी ड्यूटी का कार्य किया गया। दल क्रमांक 05 (खारुन दल) को अटल चौक एवं उसके आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई का दायित्व सौंपा गया। सभी दलों ने अनुशासन, समन्वय एवं सेवा-भावना के साथ अपने-अपने कार्यों को 11:45 बजे तक सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

### 3. बौद्धिक परिचर्चा सत्र-

दोपहर भोजन एवं अल्प विश्राम के पश्चात बौद्धिक परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में पशु चिकित्सा विभाग से पधारे डॉ. अवधेश कुमार मरकाम (उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ, जिला - धमतरी ), डॉ. टी. आर. वर्मा (अतिरिक्त उपसंचालक, ग्राम विकास योजना, विकासखंड - धमतरी), डॉ. पीयूष दुबे, पशु चिकित्सा सहायक संलग्य, पशु चिकित्सालय भखारा, जिला- धमतरी, डॉ. जितेन्द्र साहू एवं उनकी विभागीय टीम द्वारा पशुपालन के महत्व, पशु स्वास्थ्य संरक्षण, रोग प्रबंधन तथा शासन द्वारा संचालित पशुपालन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डॉक्टरों द्वारा यह बताया गया कि पशुपालन को वैज्ञानिक पद्धति से अपनाकर युवा स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं तथा शासकीय योजनाओं का लाभ जागरूकता एवं सक्रिय सहभागिता से प्राप्त किया जा सकता है।

इसी सत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ स्वयंसेवक श्री सत्येंद्र कुमार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, युवाओं में व्यक्तित्व विकास, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता पर प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए गए। साथ ही एक अन्य राष्ट्रपति

पुरस्कार से सम्मानित विशिष्ट अतिथि द्वारा "सतत भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका एवं राष्ट्रीय सेवा योजना का योगदान" विषय पर व्याख्यान दिया गया, जिससे स्वयंसेवकों में राष्ट्र निर्माण के प्रति चेतना एवं दायित्वबोध सुदृढ़ हुआ।

**बौद्धिक परिचर्चा सत्र के बाद अल्प विश्राम के पश्चात स्वयंसेवकों ने देशी खेलकूद का आयोजन किया।**

### 4. विशेष कार्यक्रम: पशु चिकित्सा शिविर -

बौद्धिक परिचर्चा सत्र के पश्चात ग्राम ईर्रा में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. पीयूष दुबे, पशु चिकित्सा सहायक संलग्य, पशु चिकित्सालय भखारा, जिला- धमतरी तथा उनकी टीम द्वारा पशु चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की गईं। शिविर के अंतर्गत 18 प्रकार की दवाओं का वितरण, 40 पशुओं का बधियाकरण, 48 पशुओं को कृमिनाशक दवा पान, 2 पशुओं का गर्भ परीक्षण, 35 पशुओं का उपचार तथा कृमिनाशक दवा का छिड़काव किया गया। इस प्रकार 100 से अधिक पशुपालक प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए। शिविर के संचालन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा पंजीयन, पशुओं को नियंत्रित करने, दवा वितरण एवं व्यवस्था संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्राम ईर्रा के सरपंच श्री सूर्यकांत साहू, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### 5. रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम-

रात्रि कालीन भोजन के पश्चात रात 8:00 बजे से ग्राम ईर्रा के सांस्कृतिक मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम ईर्रा के सरपंच श्री सूर्यकांत साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपसरपंच, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए। महाविद्यालय की स्वयंसेविका कु. युक्ति तिवारी द्वारा भागवत कथा का भावपूर्ण एवं अनुशासित प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसे उपस्थित जनसमुदाय द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम रात्रि लगभग 10:00 बजे तक संपन्न हुआ।

### 6. समीक्षा बैठक-

सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात 10:30 बजे शिविर प्रांगण में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रत्येक दल के प्रतिनिधियों द्वारा दिनभर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल द्वारा समस्त कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिससे स्वयंसेवकों में आत्ममूल्यांकन, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ।

इस प्रकार दिनांक 14 नवम्बर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का पाँचवाँ दिवस स्वच्छता, सेवा, पशु कल्याण, स्वरोजगार चेतना एवं सामाजिक सहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ




















# “छठा दिवस, दिनांक – 15-11-2025”

शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी, जिला धमतरी (छत्तीसगढ़) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम ईर्रा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर (10/11/2025 से 16/11/2025) के अंतर्गत दिनांक 15/11/2025 को सेवा, श्रमदान, संवैधानिक जागरूकता एवं सांस्कृतिक सहभागिता से परिपूर्ण गतिविधियों का सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन किया गया। यह समस्त कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन तथा कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

**1. प्रातःकालीन गतिविधियाँ-**

छठे दिवस का शुभारंभ प्रातः 5:00 बजे जागरण एवं नित्यकर्म के साथ हुआ। प्रातः 5:45 बजे सभी स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी के माध्यम से ग्राम भ्रमण किया गया, जिसमें गीतों एवं नारों के माध्यम से स्वच्छता, सामाजिक सहभागिता एवं जनजागरूकता का संदेश ग्रामवासियों तक पहुँचाया गया। इसके पश्चात प्रातः 6:15 बजे से 7:30 बजे तक शिविर स्थल पर योगाभ्यास एवं शारीरिक व्यायाम (जुंबा सत्र) का आयोजन किया गया, जिससे स्वयंसेवकों में शारीरिक स्फूर्ति, मानसिक एकाग्रता एवं अनुशासन की भावना विकसित हुई। योग सत्र के उपरांत सभी स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक नाश्ता किया गया।

**2. परियोजना कार्य-**

प्रातः 8:00 बजे से 10:00 बजे तक दलवार परियोजना कार्य संपन्न कराए गए। दल क्रमांक 01 (शिवनाथ दल), दल क्रमांक 02 (हसदो दल), दल क्रमांक 03 (महानदी दल) एवं दल क्रमांक 04 (इंद्रावती दल) को सामूहिक रूप से ग्राम ईर्रा के खेल मैदान की साफ-सफाई, गांव में शेष बचे नालियों की स्वच्छता तथा सड़क किनारों की सफाई का दायित्व सौंपा गया, जिसे स्वयंसेवकों ने अनुशासन, समन्वय एवं सेवा-भावना के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण किया। दल क्रमांक 05 (खारून दल) को शिविर की भोजन व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया, जिसके अंतर्गत भोजन निर्माण, वितरण एवं संबंधित व्यवस्थाओं का कुशल एवं सुव्यवस्थित संचालन किया गया।

**3. बौद्धिक परिचर्चा सत्र-**

परियोजना कार्य पश्चात स्नान कर सभी स्वयंसेवक 11:00 बजे बौद्धिक परिचर्चा सत्र हेतु शिविर स्थल पर एकत्रित हुए। यह सत्र 11:00 बजे से 1:00 बजे तक आयोजित किया गया। बौद्धिक परिचर्चा सत्र का विषय – “संवैधानिक मूल्य और युवा पीढ़ी : सशक्त भारत की आधारशिला” रहा। इस अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी के सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) श्री तरुण बैनर्जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने सारगर्भित उद्बोधन में संवैधानिक मूल्यों, मौलिक कर्तव्यों, नागरिक उत्तरदायित्व एवं लोकतांत्रिक चेतना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए युवाओं को जिम्मेदार, जागरूक एवं संवेदनशील नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया। इसके बाद दोपहर 1:00 बजे से 2:00 बजे तक सभी स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया गया। भोजन उपरांत अल्प विश्राम के पश्चात सभी स्वयंसेवक रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी एवं अभ्यास कार्य में संलग्न हो गए।

**5. रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम-**

सायं 6:30 बजे ग्राम ईर्रा के सांस्कृतिक मंच पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ, जो रात्रि 10:00 बजे तक चला। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत के साथ की गई।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत कुरूद की अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी हेमंत साहू, सभापति जिला पंचायत धमतरी श्रीमती मीना डेमन साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूजा राजू सिन्हा, ग्राम ईर्रा के सरपंच श्री सूर्यकांत साहू, उपसरपंच श्रीमती यामिनी साहू, पंचायत प्रतिनिधि, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति पर आधारित नृत्य, गीत, नशा मुक्ति पर केंद्रित प्रभावशाली प्रहसन, समूह गायन एवं जनजागरूकता से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिन्हें उपस्थित जनसमुदाय द्वारा अत्यंत सराहना प्राप्त हुई।

### 6. कैंप फायर एवं समीक्षा बैठक -

रात्रि 10:00 बजे से 10:30 बजे तक सभी स्वयंसेवकों द्वारा रात्रिकालीन भोजन किया गया। इसके पश्चात शिविर प्रांगण में कैंप फायर का आयोजन किया गया। कैंप फायर के उपरांत संक्षिप्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल द्वारा दिनभर के कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वयंसेवकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवक निर्धारित समयानुसार रात्रि विश्राम हेतु अपने-अपने विश्राम स्थल पर प्रस्थान किए। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का छठा दिवस श्रमदान, संवैधानिक चेतना, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति एवं सामाजिक सहभागिता के साथ अनुशासित, उद्देश्यपूर्ण एवं अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ

























# “समापन दिवस, दिनांक – 16-11-2025”

शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी (जिला धमतरी) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत ईर्रा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर(10/11/2025 से 16/11/2025) का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 16 नवम्बर 2025 को पूर्ण अनुशासन एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

समापन दिवस की दिनचर्या के अनुसार सभी स्वयंसेवक प्रातः 6:00 बजे जागृत हुए। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास एवं शारीरिक व्यायाम किया गया, जिससे स्वयंसेवकों में ऊर्जा, अनुशासन एवं सकारात्मकता का संचार हुआ। योगाभ्यास उपरांत दैनिक स्वच्छता कार्य पूर्ण कर सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक नाश्ता किया।इसके पश्चात स्वयंसेवकों को दलवार परियोजना कार्य हेतु दायित्व सौंपे गए।

दल क्रमांक 01 – शिवनाथ को समापन दिवस की भोजन व्यवस्था का दायित्व प्रदान किया गया। दल क्रमांक 02 – हसदो एवं दल क्रमांक 03 – महानदी को दिनांक 15.11.2025 की रात्रि आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई की जिम्मेदारी दी गई। दल क्रमांक 04 – इंद्रावती को शिविर स्थल परिसर की व्यापक एवं व्यवस्थित साफ-सफाई का कार्य सौंपा गया। वहीं दल क्रमांक 05 – खारून को शिविर में प्रयुक्त समस्त सामग्रियों को सुव्यवस्थित करने, ग्राम से प्राप्त सामग्री को संबंधित स्थानों तक पहुँचाने तथा पुरस्कार वितरण समारोह की तैयारी का दायित्व दिया गया। सभी दलों के स्वयंसेवकों ने सौंपे गए दायित्वों को पूर्ण निष्ठा, सहयोग एवं अनुशासन के साथ संपन्न किया। साफ-सफाई एवं अन्य निर्धारित कार्य पूर्ण करने के पश्चात सभी स्वयंसेवक स्नान हेतु गए। तत्पश्चात सभी ने सामूहिक रूप से भोजन किया। भोजन उपरांत पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह हेतु सभी स्वयंसेवक कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हुए।

पुरस्कार वितरण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत ईर्रा के माननीय सरपंच श्री सूर्यकांत साहू उपस्थित रहे , जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय उप-सरपंच श्रीमती यामिनी साहू जी द्वारा की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत ईर्रा के पंचगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर में आयोजित समस्त गतिविधियों का संक्षिप्त एवं सारगर्भित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात शिविर में उत्कृष्ट सहभागिता, अनुशासन एवं सेवा भावना के लिए स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान स्वयंसेवकों ने शिविर के सात दिनों के अपने अनुभव साझा किए तथा ग्राम सेवा, सामाजिक कार्य एवं सामूहिक जीवन से जुड़े अपने अनुभवों को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत ईर्रा, ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं समस्त सहयोगकर्ताओं के प्रति सहयोग हेतु पुनः आभार व्यक्त किया गया तथा सात दिवसीय विशेष शिविर के सफल आयोजन की औपचारिक घोषणा की गई। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने शिविर की समस्त सामग्री एकत्रित की और अनुशासित ढंग से ग्राम ईर्रा से शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी के लिए प्रस्थान किया।

इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर अपने उद्देश्यों, सामाजिक सरोकारों एवं अनुशासित कार्यप्रणाली की दृष्टि से पूर्णतः सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।


## कार्यक्रम/गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियाँ















# मीडिया में प्रकाशित गतिविधियाँ- प्रेस कवरेज : समाचार पत्र कटिंग


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Dhamtari Bhoomi - 13 Nov 2025 - Page 3


## एनएसएस विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम : डॉ. जायसवाल





- ईर्रा में सेवा और समर्पण के संकल्प के साथ एनएसएस शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम ईर्रा तहसील भखारा में किया गया। शिविर की थीम "सतत भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना एवं नशा मुक्त समाज के लिए युवा" रही। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के दिशानिर्देशन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में हुआ।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम ईर्रा के सरपंच सूर्यकान्त साहू रहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों का विकास करती है तथा समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त बनाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती ज्योति साहू ने की और युवाओं को समाज परिवर्तन का वास्तविक आधार बताते हुए उन्हें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. जायसवाल ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। साहू समाज अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार साहू ने भी अपने विचार रखते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम अधिकारी ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति जनजागरण, पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता प्रसार एवं ग्राम विकास से संबंधित गतिविधियां आयोजित होंगी।


नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 13 Nov 2025 - 13dmt3
epaper.navabharat.news


## ईर्रा में एनएसएस शिविर का शुभारंभ





धमतरी। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम इर्रा में हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच सूर्यकान्त साहू रहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों का विकास करती है तथा समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त बनाती है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। ऐसे शिविर युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व, सहयोग एवं रचनात्मक कार्यों की भावना को प्रबल बनाते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपेक्षा की कि वे ग्राम सेवा के कार्यों में पूर्ण निष्ठा एवं अनुशासन के साथ सहभागिता करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्योति साहू ने की। उन्होंने कहा कि युवा ही समाज और राष्ट्र के वास्तविक परिवर्तनकारी शक्ति हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को शिविर की विभिन्न गतिविधियों में सक्रियता से भाग लेकर समाज में जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर साहू समाज अध्यक्ष डॉ. अजय साहू ने एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ग्राम स्तर पर हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम अधिकारी ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। बताया कि शिविर अवधि में स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति जनजागरण, पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता प्रसार एवं ग्राम विकास से संबंधित विविध गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। इस अवसर पर यामिनी साहू, धनमोहन साहू, अशोक वर्मा, सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, युगेश्वर कुमार, रमेश कुमार, आँचल अरोरा, डॉ. उपमा आदि उपस्थित रहे।


नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 22 Nov 2025 - 22dmt4
epaper.navabharat.news


## विकास युवाओं के नेतृत्व क्षमता में निहित

### रासेयो शिविर में युवा शक्ति ने दिया जन जागरूकता का संदेश



धमतरी। शासकीय नवीन कॉलेज आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन तथा कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में ग्राम ईर्रा में आयोजित एनएसएस विशेष शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम में जनपद कुरूद अध्यक्ष गीतेश्वरी हेमंत साहू, जिपं सभापति मीना डेमन साहू, जिपं सदस्य पूजा राजू सिन्हा सहित सरपंच सूर्यकांत साहू, उप सरपंच यामिनी साहू उपस्थित रहे। जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी हेमंत साहू ने कहा कि ग्राम विकास की वास्तविक नींव युवाओं की सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता में निहित है। उन्होंने ईर्रा में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए स्वच्छता, नशा मुक्ति एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यों को ग्रामीण परिवर्तन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। सभापति मीना डेमन साहू ने कहा कि एनएसएस शिविर राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करता है। जिपं सदस्य पूजा राजू सिन्हा ने कहा कि गाँवों में जागरूकता तभी सफल होती है जब युवा उसका नेतृत्व करें और ईर्रा के स्वयंसेवकों ने इसे सिद्ध किया है। कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने बताया कि शिविर का थीम सतत भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना एवं नशा मुक्त समाज के लिए युवा था। शिविर अवधि में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति हेतु मशाल रैली, जल एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता, कौशल विकास प्रशिक्षण, संवैधानिक मूल्यों के प्रति युवाओं को जागरूक करना, पशु चिकित्सा शिविर, स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर तथा पोस्टर, नारे, गीत, कविता और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित कीं। समापन कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति पर आधारित नृत्य, गीत एवं नशा मुक्ति पर केंद्रित प्रभावी प्रहसन प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी, अतिथि व्याख्याता युगेश्वर प्रसाद, आंचल अरोरा, रमेश कुमार, डॉ. उपमा, डॉ. खुशबू ठाकुर, महेश कुमार तथा प्रयोगशाला तकनीशियन सविता गिलहरे का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। शिविर में शिविर नायक साहिल कुमार, शिविर नायिका कीर्ति तथा अनुशासन प्रभारी कुणाल का योगदान रहा।


पत्रिका


## स्वयंसेवकों ने ईर्रा के सार्वजनिक स्थलों में चलाया स्वच्छता अभियान



**आमदी @ पत्रिका.** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम ईर्रा में सात दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल एवं कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने पूरे दिवस ग्राम विकास से संबंधित गतिविधियों में योगदान दिया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने ग्राम के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, पंचायत परिसर, तालाब क्षेत्र और प्रमुख चौराहों की साफ-सफाई की। स्वयंसेवकों ने सामाजिक संदेशों पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। स्वच्छता और सामुदायिक भागीदारी के महत्व को प्रभावी रूप से सामने रखा गया। ग्राम ईर्रा में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाए डॉ अवधेश कुमार मरकाम, अतिरिक्त उपसंचालक डॉ टीआर वर्मा, पशु चिकित्सा सहायक डॉ पीयूष दुबे, डॉ जीतेन्द्र साहू तथा टीम उपस्थित थे। विशेषज्ञों ने ग्रामीण आजीविका में पशुपालन की बढ़ती उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। इसी सत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ स्वयंसेवक सत्येंद्र कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा युवाओं में व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता के निर्माण पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में ग्राम ईर्रा सरपंच सूर्यकांत साहू, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।


19/11/2025 | Dhamtari | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Dhamtari Bhoomi - 14 Nov 2025 - Page 2

### मशालों की रोशनी से गूंजा ईर्रा, नशामुक्त समाज के लिए युवाओं से आह्वान

# स्वयंसेवकों ने दिया स्वच्छता, एकता और नशामुक्ति का संदेश





हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी द्वारा ग्राम ईर्रा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने समाजसेवा और जनजागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

दिन की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने पूरे ग्राम में स्वच्छता, एकता और नशामुक्ति का संदेश दिया। इसके बाद विभिन्न दलों ने ग्राम पंचायत परिसर, तालाब, अटल चौक एवं शिविर स्थल के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। ग्रामीणों को स्वच्छ पर्यावरण के महत्व से अवगत कराते हुए साफ-सफाई को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की गई।

द्वितीय सत्र में करियर गाइडेंस एवं युवाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा विषय पर बौद्धिक परिचर्चा हुई। विशेषज्ञों ने युवाओं को कौशल विकास, आत्मनिर्भरता और करियर निर्माण के लिए मार्गदर्शन प्रदान। युवाओं को बताया गया कि सही दिशा और दृढ़ निश्चय से वे अपने जीवन में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। सायंकालीन सत्र में नशामुक्त समाज के लिए युवा विषय पर मशाल रैली का आयोजन हुआ। ग्राम के जनप्रतिनिधि, महिला कमांडो टीम, ग्रीन आर्मी, पंचगण और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। मशालों की जगमगाहट और नारों की गूंज से पूरा ग्राम जनजागृति के भाव से आलोकित हो उठा। युवाओं ने नशा उन्मूलन के लिए समाज को एकजुट होकर आगे आने का संदेश दिया।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 19 Nov 2025 - 19dmt2
epaper.navabharat.news

### रासेयो शिविर में पशु चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन, सौ से अधिक पशुपालक हुए लाभान्वित

# नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश



**धमतरी।** शासकीय नवीन कॉलेज आमदी की रासेयो इकाई द्वारा ग्राम ईर्रा में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने ग्राम विकास से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय योगदान दिया। दिन की शुरुआत ग्राम के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, मार्ग पंचायत परिसर, तालाब क्षेत्र और प्रमुख चैराहों की साफ-सफाई से हुई। इसके साथ ही स्वयंसेवकों ने सामाजिक संदेशों पर आधारित एक संक्षिप्त नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें स्वच्छता और सामुदायिक भागीदारी के महत्व को प्रभावी रूप से सामने रखा गया। इसके पश्चात ग्राम ईर्रा में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ डॉ. अवधेश कुमार मरकाम, अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. टीआर वर्मा, पशु चिकित्सा सहायक डॉ. पीयूष दुबे, डॉ. जीतेन्द्र साहू तथा उनकी पूरी टीम उपस्थित थे। शिविर में 18 दवाओं का वितरण, 40 पशुओं का बधियाकरण, 48 पशुओं को क्रीमीनाशक दवा पान, 2 गर्भ परीक्षण, 35 पशुओं का उपचार तथा किलनीनाशक दवा का छिड़काव किया गया। इस प्रकार 100 से अधिक पशुपालक प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए। द्वितीय सत्र में पशुपालन क्षेत्र की संभावनाओं एवं सरकारी योजनाओं पर बौद्धिक परिचर्चा हुई। कार्यक्रम में ईर्रा के सरपंच सूर्यकांत साहू उपस्थित रहे।

### सिलौटी कॉलेज के रासेयो इकाई का नशामुक्त समाज की थीम पर भेंडरा में शिविर



बाबू पंढरी राव कृदत्त शासकीय कॉलेज सिलौटी के रासेयो इकाई का भेण्डरा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सतत भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना एवं नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर आयोजित था। मुख्य अतिथि गीतेश्वरी साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद, विशिष्ट अतिथि ज्योति हिरेन्द्र मंडावी, सरपंच रहीं। अध्यक्षता डॉ. भावना कमाने, प्राचार्य बाबू पंढरी राव कृदत्त शासकीय कॉलेज सिलौटी ने की। गीतेश्वरी साहू ने कहा कि रासेयो सभी स्वयंसेवकों में लीडरशिप स्किल, टीमवर्क और संगठनात्मक क्षमताओं को विकसित करने के अवसर प्रदान करता है। सरपंच ज्योति हिरेन्द्र मंडावी ने स्वयंसेवकों को नशामुक्त समाज के नवनिर्माण में अहम योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. भावना कमाने ने स्वयंसेवकों को उनके कर्तव्यों को पुनः स्मरण कराया तथा मानवता की सेवा करने और निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी हितेश कुमार नेताम ने शिविर के सात दिवसों में होने वाले विभिन्न गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में गणेश राम साहू, नंदकुमार साहू, पीतांबर निषाद, स्वयंसेवक दुलार सिंह सिन्हा, सुनीता निषाद, शकुन साहू, टी. आर. साहू, प्रीति सेन, लोकेश सेन, देवश्री मरकाम, यूके बनपेला, छगनलाल साहू, छिन्दा राम साहू, देवेन्द्र साहू, द्वारिका राम साहू, अगनु राम साहू एवं दोसान साहू, प्राध्यापक डॉ. भारती मंडावी, त्रिभुवन साहू, डॉ. दानेश्वर कुमार वर्मा, पवन कुमार साकेत, बी. पद्मराज क्यूट, डॉ. गायत्री साहू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ. शिवेन्द्र बहादुर ने किया।